ग्रिड कनैक्टेड सोलर रूफटाप कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत स्थापित कराये जाने वाले संयत्रों में आ रही कठिनाईयों के दृष्टिगत विचार–विमर्श हेतु दिनांक 13.10.2022 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में इम्पैनल्ड वेण्डर्स एवं डिस्काम के अधिकारियों के साथ हुयी बैठक का कार्यवृत्त

ग्रिड कनैक्टेड सोलर रूफटाप कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत स्थापित कराये जाने वाले संयत्रों में आ रही कठिनाईयों के दृष्टिगत दिनांक 13.10.2022 को निजी आवासों में सोलर रूफटाप कार्यक्रम हेतु इम्पैनल्ड वेण्डर्स एवं डिस्काम के अधिकारियों के साथ यूपीनेडा में बैठक हुयी जिसमें निम्नानुसार अधिकारी उपस्थित हुयेः–

1. सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा।
2. श्री आशीष अस्थाना, मुख्य अभियंता, डीएसएम, यूपीपीसीएल,लखनऊ। (ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया)
3. श्री एस0सी0 शर्मा, अधीक्षण अभियंता, डीएसएम, यूपीपीसीएल,लखनऊ।
4. श्री के0के0भार्गव, अधिशासी अभियंता, डीएसएम, यूपीपीसीएल,लखनऊ।
5. इम्पैनलमेंट हेतु गठित समिति के समस्त सदस्य, यूपीनेडा लखनऊ।
6. इम्पैनलमेंट फर्म के प्रतिनिधि (सूची संलग्न)

बैठक में उपस्थित इम्पैनल्ड वेण्डर्स द्वारा नेशनल पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत उपभोक्ताओं के आवासों पर सोलर रूफटाप संयत्रों की स्थापना कराये जाने, विभिन्न वांछित अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड कराये जाने आदि के संबंध में निम्नवत सुझाव/अपेक्षाएं की गयीः–

1. डिस्कॉम्स में अधिकांश अधिकारियों/कर्मचारियों को नेशनल पोर्टल के किया–कलापों से पूर्णतयाः भिज्ञ न होने के संबंध में अवगत कराते हुये इन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किये जाने का अनुरोध किया गया।
2. उपभोक्ताओं द्वारा नेटमीटरिंग शुल्क को ऑनलाइन/पेमेण्ट गेटवे के माध्यम से संबंधित डिस्काम्स में जमा कराने की व्यवस्था, नेशनल पोर्टल पर कराये जाने का अनुरोध किया गया।
3. प्रति वेण्डर एक मेगावाट का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी जनपदों में नेट मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा/अथवा निजी तौर पर क्रय किये गये नेटमीटर की त्वरित टेस्टिंग कराने का अनुरोध किया गया।
4. सोलर रूफटाप कार्यक्रम फेज–2 के अंतर्गत गत वर्ष के केन्द्रानुदान विभिन्न डिस्कॉम्स स्तर पर लम्बित चल रहे है। यह भी अवगत कराया गया कि कतिपय यू0सी0 भारत सरकार को प्रेषित न किये जाने के कारण केन्द्रानुदान भारत सरकार से प्राप्त नही हो पा रहा है।
5. डिस्काम्स द्वारा तकनीकी फिजीबिलिटी रिर्पोट(टीएफआर) की कार्यवाही कराने में अत्यधिक विलम्ब किया जा रहा है जिसको शीघ्र पूर्ण कराने का अनुरोध किया गया।
6. झटपट पोर्टल की भॉति नेटमीटर की कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी।
7. विद्युत मीटर स्थापित होने के उपरांत ही नेट मीटर का कनैक्शन लिया जा सकता है, ऐसी स्थिति में नये निर्मित मकान पर रूफटाप सोलर संयंत्र लगवाने वाले उपभोक्ता का नया मीटर बेकार हो जाता है इसलिए सीधे नेटमीटर लगवाये जाने का अनुरोध किया गया।

8. सभी जनपदों के विद्युत उपभोक्ताओं की सूची (विशेषकर 03 या 03 किलोवाट से अधिक) को वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाये, जिसमें उपभोक्ताओं का नाम, मोबाईल नम्बर, पता एवं स्वीकृत भार का उल्लेख हों।
9. संयत्र स्थापना के उपरांत विद्युत एक्सपोर्ट/इम्पोर्ट सम्बन्धी त्रुटियों को ठीक कराने हेतु प्रायः वेण्डर्स को बुलाया जाता है। ऐसी त्रुटियों को विद्युत विभाग द्वारा स्वतः ठीक कराया जाये एवं नेटमीटर का विद्युत बिल भी प्रतिमाह जनरेट किया जाये।
10. मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत उपभोक्ता के विद्युत बिल के एक्सेस हेतु उपभोक्ता के मोबाइल नं0 पर ओ0टी0पी0 आता है जिसके कारण वेण्डर्स द्वारा उपभोक्ता के विद्युत बिल सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण में कठिनाई होती है।
11. विभिन्न डिस्काम्स में नेट मीटर की फीस अलग–अलग दरों पर ली जाती है। सभी डिस्काम्स में इस हेतु एक समान दरों को लिये जाने एवं अन्य कार्यो में एकरूपता रखे जाने का अनुरोध किया गया।

(कार्यवाहीः यूपीपीसीएल एवं डिस्काम्स)

12. जनपद स्तर पर गठित सोलर प्रकोष्ठ की बैठकों में संबंधित जनपद के इम्पैनल्ड वेण्डर्स को भी सम्मलित करने का अनुरोध किया गया।
13. यूपीनेडा पोर्टल पर पंजीकृत उपभोक्ताओं की सूची को यूपीनेडा वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का अनुरोध किया गया।
14. राज्यानुदान के लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने का अनुरोध किया गया।

(कार्यवाहीः यूपीनेडा)

(अनुपम शुक्ला)
निदेशक, यूपीनेडा।

संख्याः 4005/यूपीनेडा–सोलर रूफटाप–मीनिटस/2022–23 दिनांक 17 अक्टूबर, 2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबंध निदेशक, यूपीपीसीएल, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबंध निदेशक, समस्त डिस्काम्स।
3. श्री आशीष अस्थाना, मुख्य अभियंता, डीएसएम, यूपीपीसीएल,लखनऊ।
4. कार्यक्रम प्रभारी, यूपीनेडा।
5. समस्त इम्पैनल्ड वेण्डर्स।
6. प्रभारी कम्पयूटर को यूपीनेडा की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

(अनुपम शुक्ला)
निदेशक, यूपीनेडा।